तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 12 दिसंबर 2025

12 मानवाधिकारों की सबसे बड़ी ताकत भेदभाव से संरक्षण और न्यायिक सुरक्षा



10 कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी में सड़कें खस्ताहाल ...





## खबर संक्षेप

### जिम में लगी आग

**भिलाई।** जिम में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। घटना बुधवार की सुबह 6 बजे की है। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची औऐक मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक मोहन नगर थाना क्षेत्र में स्थित मनीष देवांगन के फिटनेस सेंटर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग तीसरी मंजिल में लगी थी, जहां से सुबह धुआं निकल रहा था। पूरे इमारत में धुंआ फैल गया था। आगजनी की इस घटना में जिम में रखे लाखों रुपए के सामान जलकर राख हो गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आग लगने के कारणों की जानकारी जुटा रही है। दमकल कर्मी तीसरी मंजिल तक सीढ़ियां लगाकर पहुंचे व जिम में प्रवेश किया। चारों तरफ से पानी की तेज बौछार की गई। दो दमकल के पानी का उपयोग कर आग को पूरी तरह बुझाया गया। आग ऊपरी तल पर होने से टीम को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि स्थल पर मौजूद दल प्रभारी धनु यादव और भगवती पंजारे के नेतृत्व में टीम ने आग पर काबू पाया।

### लाखों रुपए का गांजा जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा की तस्करी करने वाले महिला और पुरुष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर कीसूचना पर तितुरडीह दुर्ग निवासी सुमन पांडे और रायपुर नाका दुर्ग मुकेश मिश्रा को गांजा बेचते पकड़ा गया। आरोपियों के पास से गांजा 2.362 किलोग्राम जब्त किया गया। जिसकी कीमत 1.18लाख रूपये की आंकी गई है। एक मोबाइल, एक्टिवा सीजी 07 सीके 8291 को बरामत किया है।

### हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**भिलाई।** नंदिनी थाना अंतर्गत ग्राम पोटिया में पुरानी रंजिश के चलते युवक को मौत के घाट उतारने के मामले में न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास से दंडित किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर के न्यायालय के यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 7 मई 2023 की है। शाम करीब साढ़े 7 बजे गांव का ही गजेंद्र यादव पड़ोस में महेश यादव के घर हो रही शादी समारोह में गया हुआ था। जहां आरोपी दुलामणि पिता अमरलाल साहू (19 वर्ष) आया। उसने चाकू से गजेंद्र पर वार शुरू कर दिया। इस दौरान पेड और कनपटी पर चाकू से वार किए गए। गजेंद्र की अतड़ियां बाहर आ गईं। उसे तत्काल अहिवारा स्थित सामुदायिक अस्पताल में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

# एसपी ने थाना नवागढ़ का किया निरीक्षण, नए आपराधिक कानूनों के कड़ाई से पालन के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने थाना नवागढ़ का औचक निरीक्षण कर कानून-व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन और पुलिसिंग व्यवस्था का विस्तृत मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदी गृह, महिला डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, विवेचक कक्ष, मालखाना तथा थाना परिसर के सभी प्रमुख हिस्सों का जायजा लिया। उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश देते हुए कार्य की पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया। एसएसपी साहू ने पुलिसिंग के मानकों पर बात करते हुए कहा कि जनता की शिकायतों का संवेदनशील समाधान, अपराध नियंत्रण और सेवा की गुणवत्ता में सुधार पुलिस की प्रथम प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि बेहतर पुलिसिंग से ही जनता का भरोसा मजबूत होता है। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवाओं और अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने गुंडा, निगरानीशुदा एवं सूचीबद्ध अपराधियों पर सतत निगरानी रखने को कहा। इसके साथ ही लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान तथा शिकायतों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के आदेश भी दिए।

### अनुभव क्यूआर कोड प्रणाली का प्रचार-प्रसार

एसएसपी ने दुर्ग रेंज की नई पहल "बेहतर पुलिसिंग की ओर–अनुभव" क्यूआर कोड व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब नागरिक किसी भी थाना/चौकी में मिलने वाले अनुभव को ऑनलाइन साझा कर सकेंगे। फीडबैक पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा और नाम/मोबाइल नंबर देना वैकल्पिक होगा। उन्होंने सभी प्रभारियों को इस व्यवस्था का व्यापक प्रचार-प्रसार करने कहा। उन्होंने बीट प्रभारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण, जनसंवाद बढ़ाने, अवैध गतिविधियों की सूचना एकत्र करने और बीट पुस्तिका को अपडेट रखने के निर्देश दिए। एसएसपी का कहना ▶▶| शेष पेज 11 पर



### नए आपराधिक कानूनों के कड़ाई से पालन का निर्देश

उन्होंने कहा कि नवीन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का सख्ती से पालन किया जाए। तलाशी व जब्ती की वीडियोग्राफी अनिवार्य होगी और समयबद्ध मामलों में 60–90 दिनों के भीतर अभियोग पत्र प्रस्तुत किए जाएं। एसएसपी ने स्पष्ट कहा कि पुलिस कस्टडी में आरोपियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी तरह की लापरवाही को गंभीर अनुशासनहीनता माना जाएगा। निरीक्षण के दौरान एएसआई दीनानाथ सिन्हा, प्रधान आरक्षक अजय बंजारे, आरक्षक राज आडिल, ओंकार निर्मलकर, सनत आडिल सहित थाना नवागढ़ के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अपराध

**एक सप्ताह पूर्व गांव के एक मंदिर में भी हुई थी चोरी, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी**

# सूने मकान से 11 तोला सोना और 2 लाख नगदी चोरी, दहशत में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

कण्डरका पुलिस चौकी मुख्यालय क्षेत्र में एक बड़ा चोरी का मामला सामने आया है। गांव के देवांगन परिवार के सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने लगभग 11 तोला सोना, कीमती आभूषण और 2 लाख रुपये नगदी पर हाथ साफ कर दिए जाने का मामला आया है।

पीड़िता परिवार अन्नपूर्णा खेलन देवांगन ने गुरुवार को ही चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331 (4) एवं 305(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार कण्डरका में निजी दवाखाना संचालित करने वाली अन्नपूर्णा देवांगन का है, जो सोमवार से परिवार सहित 4 दिनों के लिए बस्तर टूर पर गए थे। इसी दौरान मंगलवार की रात चोरी की वारदात होने की आशंका जताई जा रही है।



**आरोपी होंगे जल्द गिरफ्तार**

कण्डरका चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर डिग्रीलाल सोना ने बताया कि शिकायत मिलने पर तुरंत एफआईआर दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी गई है, संदिग्धों से पूछताछ जारी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

बुधवार की शाम पड़ोसी द्वारा घर की संदिग्ध स्थिति की जानकारी देने पर घटना का खुलासा हुआ।

गुरुवार को घर लौटे परिवार ने मुख्य दरवाजा बंद और अंदर के कमरे का ताला टूटा हुआ पाया।परिवार जनों की आशंका है कि चोर दीवार फांदकर घर में दाखिल हुए और अलमारी में रखे सोने के झुमके, आइरिंग, नेकलेस, रानीहार, चांदी की पायल और नगदी को फिल्मी स्टाइल में बड़ी सफाई से चोरी कर ले गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। डॉग स्क्वाड, फोरेंसिक टीम और साइबर सेल की मदद से चोरों के सुराग तलाशे जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, लगभग एक सप्ताह पूर्व गाँव के एक मंदिर में भी चोरी हुई थी। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में भय का माहौल है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

# जिला स्तरीय महिला खेलकूद युवा उत्सव का आयोजन 17 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में युवाओं को खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ते हुए उनकी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से जिला स्तरीय महिला खेलकूद एवं युवा उत्सव का आयोजन 17 दिसंबर 2025 को शासकीय पीजी महाविद्यालय बेमेतरा में किया जा रहा है।

यह आयोजन युवा वर्ग में उत्साह, प्रतिस्पर्धा और सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिताएँ दो आयु वर्गों में आयोजित होंगी 09 से 18 वर्ष तक, 18 से 35 वर्ष तक इन आयु वर्गों में निम्न खेलों का आयोजन किया जाएगा जिसमे एथलेटिक्स (100 मी., 400 मी. दौड़, तवा फेंक), खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्साकशी। पहले इन प्रतियोगिताओं का आयोजन विकासखंड स्तर पर किया जाएगा, जहां प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी ही जिला स्तरीय प्रतिस्पर्धा में शामिल होंगी। जिला स्तरीय युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष के युवक-युवतियां अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

साथ ही, संगतकारों की उम्र 18 से 40 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। इस उत्सव में शामिल प्रमुख विधाएँ सामूहिक एवं लोक विधाएं: लोक नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत, एकांकी, रॉक बैंड। एकल प्रतियोगिता मे कहानी लेखन, वाद-विवाद, चित्रकला, नवाचार, कविता लेखन, पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता सामूहिक नृत्यों में अधिकतम 10 प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे तथा रिकॉर्डेड संगीत की अनुमति नहीं होगी। सभी प्रतिभागियों ▶▶| शेष पेज 11 पर

# हत्या के प्रयास मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर भेजे गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

चौकी देवकर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है, जिसमें चार हमलावरों ने युवक पर शराब की बोतल फोड़कर हत्या की नीयत से प्राणघातक हमला किया था। एक विधि संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत किया गया है।

घटना इस प्रकार है कि प्रार्थी पोषण कुमार राजपूत (34 वर्ष), निवासी बुदेली, थाना परपोडी ने चौकी देवकर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 09 दिसंबर की रात अपने साथी अविनाश उर्फ बंटी और रविपाल के साथ किराना दुकान से सामान लेकर लौट रहा था। इसी दौरान रात लगभग 8:20 बजे वे संतोष ढाबा, नवकेशा रोड पर गुटखा लेने रुके। तभी वहां मौजूद लक्की ढीमर, वरुण गोस्वामी, अंकित निषाद और एक अन्य युवक ने गाली-गलौज करते हुए उनसे विवाद किया। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपियों ने शराब की बोतल फोड़कर हत्या की नीयत से प्राणघातक हमला किया और गंभीर चोटें पहुंचाई। प्रार्थी की शिकायत पर चौकी देवकर थाना साजा में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 296, 351(3), 115(2), 109(1), 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक उदल राम टांडेकर एवं टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान सभी आरोपियों से पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने अपराध स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपी लक्की ढीमर, पिता दिलीप ढीमर, उम्र 22 वर्ष,वरुण गोस्वामी, पिता अरुण गोस्वामी, उम्र 19 वर्ष, निवासी देवकर,अंकित निषाद, पिता जसराज निषाद, उम्र 18 वर्ष, निवासी डेहरी,एक विधि संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत किया गया।

ओर तीनों आरोपियों को न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्रवाई में एएसआई उदल राम टांडेकर, सउनि छोटेलाल बंजारे, प्रधान आरक्षक ललित केरकेट्टा, उमाशंकर ठाकुर, आरक्षक मनीष वर्मा, हुंकार दास टंडन, मोहित देवांगन, दीपक ठाकुर, मुकेश पाल सहित पूरी देवकर चौकी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

हरिभूमि




## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्घोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण –** 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पु[illegible]नीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण –** 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## डाइट में ब्लूप्रिंट, प्रश्न पत्र निर्माण और शिक्षण शास्त्र पर प्रशिक्षण जारी

# सही वातावरण ही जिज्ञासा और गहरी सीख की कुंजी : डालेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिले के चयनित 7 डीआरजी, 32 बीआरजी को दे रहे प्रशिक्षण

जिले के प्रमुख शैक्षिक संस्थान डाइट में 8 से 12 दिसंबर तक विषय आधारित ब्लूप्रिंट, प्रश्न पत्र निर्माण तथा शिक्षण शास्त्र पर प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी है। बुधवार को प्रशिक्षण के तृतीय दिवस में विभिन्न विषयों के 32 बीआरजी उपस्थित रहे, जिन्हें राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर से प्रशिक्षित 7 जिला स्त्रोत समूह द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। सत्र में डीआरजी डालेश्वरी साहू (व्याख्याता, संस्कृत) ने कहा कि "सही वातावरण किसी भी विद्यार्थी में जिज्ञासा, रुचि और गहरी सीख को जन्म देता है। विद्यार्थी सुरक्षित, प्रेरित, सक्रिय और आत्मविश्वासी होकर तभी सीखता है जब उसे प्रश्न पूछने, विचार प्रकट करने और समस्या समाधान की स्वतंत्रता मिले। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 में स्पष्ट कहा गया है कि विद्यार्थी-केंद्रित और भयमुक्त वातावरण ही वास्तविक सीख सुनिश्चित करता है। उन्होंने सीखने के पांच वातावरणों पर भी प्रकाश डाला जिनमें भौतिक वातावरणः साफ-सुथरी, रोशनी और हवा युक्त कक्षाएं, मानसिक वातावरणः शिक्षक का सकारात्मक व सहृदय व्यवहार, सामाजिक वातावरणः सहयोगी और संवादात्मक माहौल, भावात्मक वातावरणः परस्पर सम्मान और सुरक्षित संबंध, बौद्धिक वातावरणः विचार, चर्चा और विश्लेषण को प्रोत्साहन रहा। प्रशिक्षण मे ब्लूप्रिंट और प्रश्न पत्र निर्माण पर विस्तृत जानकारी देते हुए डीआरजी धर्मेंद्र शर्मा ने ब्लूप्रिंट को किसी भी कार्य की "वैज्ञानिक और पूर्व-निर्धारित योजना" बताते हुए कहा कि इससे यह तय होता है किस अध्याय से प्रश्न आएंगे, प्रश्नों के प्रकार, कठिनाई स्तर, अंक भार एवं समय वितरण। उन्होंने ब्लूम टैक्सोनॉमी के छह स्तर ज्ञान, समझ, अनुप्रयोग, विश्लेषण, मूल्यांकन और ▶▶| शेष पेज 11 पर



खबर संक्षेप



## अंतरराष्ट्रीय पॉवर लिफ्टर नशकर टंडन का सम्मान

दुर्ग। अंतरराष्ट्रीय पॉवर लिफ्टर नशकर टंडन को सरायपाली में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अंतर शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सम्मानित किया गया। फुलझर सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कई ख्याति प्राप्त खिलाड़ियों को सम्मान मिला।उल्लेखनीय है कि तितुरडीह दुर्ग निवासी नशकर टंडन को शहीद विनोद चौबे अवार्ड मिल चुका है। वे भारतीय टीम के प्रशिक्षक भी हैं और जिले में पावर लिफ्टिंग के महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी निभाते हैं। अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर उनके लगातार प्रदर्शन ने छत्तीसगढ़ को कई बार गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम में सरायपाली बसना की विधायक चतुरा नंद और फुलझर सेवा समिति की संचालक विद्या सतपथी ने उन्हें गमछा, श्रीफल, गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।नशकर टंडन ने कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा देता है। उनके समर्थकों और खिलाड़ियों में भी खुशी की लहर है।

## एआईडीवाईओ ने की भर्ती की मांग

दुर्ग। एआईडीवाईओ छत्तीसगढ़ राज्य संगठन समिति ने अखिल भारतीय मांग दिवस पर छत्तीसगढ़ राज्य में 2.5 लाख से अधिक सरकारी खाली पदों को अविलंब भरने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर, रायपुर को प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपा। साथ ही उनकी मांगों में राज्य में 2.5 लाख से अधिक सरकारी खाली पदों को अविलंब भरा जाए व नए रोजगार का सृजन किया जाए। जब तक रोजगार नहीं मिलता जीने लायक बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। काम के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाया जाए। सभी प्रतियोगी परीक्षा में पूरी तरह से पारदर्शिता हो। पेपर लीक के मामले पर दोषियों को सजा दिया गया। सरकारी कार्यों का निजीकरण व ठेकाकरण बंद किया जाय एवं सभी सरकारी कंपनियों का निजीकरण बंद किया जाए। भ्रष्टाचार पर रोक अविलंब लगाई जाए। भ्रष्टाचारियों को कड़े से कड़ा व उदाहरण मूलक सजा दिया जाए। ज्ञात हो कि आज युवा बेरोज़गारी का सामना कर रहे हैं। पूरा समाज इस समस्या से प्रभावित है और यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है। सरकार बेरोज़गारी के संकट को हल करने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहे हैं, बल्कि ऐसे कॉर्पोरेट-समर्थक उपाय लागू कर रहे हैं जो रोज़गार की स्थिति को और भी खराब कर रहे हैं। छत्तीसगढ़, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, और बिहार में भी हजारों युवा रोज़गार की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं।

# बैगन की खेती कर 48 लाख की आमदनी ले रहा किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

जिले में बड़ी संख्या में कृषकों का रूझान उद्यानिकी फसलों की खेती की ओर बढ़ी है। केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुदान राशि उपलब्ध कराई जा रही है। कृषक उद्यानिकी फसलों की पैदावारी लेकर लाभान्वित हो रहे हैं। नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल पॉम योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में लक्ष्य के विरुद्ध 95.04 हेक्टेयर में 47 कृषकों के प्रक्षेत्र पौधरोपण का कार्य पूर्ण किया गया है। विगत वर्ष 74.61 हेक्टेयर में 37 कृषकों के प्रक्षेत्र में विभाग द्वारा ऑयल पॉम पौधरोपण किया गया। जिले के धमधा विकासखण्ड के ग्राम टेमरी के कृषक श्री योगेश साहू विभागीय अनुदान से आठ एकड़ रकबा में ऑयल पॉम पौधरोपण की खेती कर प्रत्येक डेढ़ से दो माह में फसलों की कटाई कर ऑयल पॉम एफ.एफ.बी. का उत्पादन कर, प्रत्येक कटाई सीजन में डेढ़ से दो लाख की आय अर्जित करने में सफलता हासिल की है। जिससे प्रभावित होकर जिले के अन्य किसान भी ऑयल पॉम पौधरोपण की ओर आगे आने लगे हैं।

## ऑयल पॉम की ओर बढ़ा किसानों का रुझान, फूलों की भी की जा रही है खेती

### पपीता और ड्रेगन फ्रूट की लगातार बढ़ रही डिमांड

एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना अंतर्गत 152 हेक्टेयर रकबा में केला, पपीता एवं ड्रैगन फ्रूट फसल क्षेत्र विस्तार कर 99 कृषक लाभान्वित हो रहे हैं। इसी प्रकार 64 हेक्टेयर रकबा में टमाटर, बैंगन एवं प्याज सब्जी विस्तार कर 58 कृषक लाभान्वित हुए हैं। जिले के 71 कृषक 50 हेक्टेयर रकबा में पुष्प क्षेत्र विस्तार अंतर्गत गैंदा पुष्प की खेती कर अच्छी पैदावारी ले रहे हैं। जिले के ग्राम मलपुरीकला क्षेत्र अंतर्गत कृषक श्री अरूण कुमार दो हेक्टेयर रकबा में गैंदा पुष्प की खेती कर अच्छी आमदनी अर्जित करने में सफलता पायी है। योजना अंतर्गत कृषक को 20 हजार रूपए की अनुदान राशि भी प्राप्त हुई है।



### नींबू, अमरूद, कटहल, आम और आंवला की भी हो रही खेती

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत चयनित 46 कृषक अनुदान प्राप्त कर ग्राफ्टेड बैंगन एवं टमाटर की पैदावारी लेकर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। इन्हीं में ग्राम टेमरी के कृषक श्री हितेश टॉक भी है, जिन्होंने उद्यानिकी विभाग से मार्गदर्शन प्राप्त कर 09 एकड़ रकबा में ग्राफ्टेड बैंगन की खेती से प्रति एकड़ 40 टन उत्पादन प्राप्त कर 48 लाख तक की आमदनी अर्जित की। उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित राज्य पोषिक समैतिक योजना के तहत किसान अपनी खाली जमीनों में नींबू, अमरूद, कटहल, आम, ऑवला आदि फलदार पौधे की रोपण कर रहे हैं।

## समस्या : सार्वजनिक शौचालय का ताला खोलने पार्षद को शुभ मुहूर्त का इंतजार

# कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी में सड़कें खस्ताहाल सामुदायिक शौचालयों में लटका है ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई


वार्ड परिक्रमा

हरिभूमि की टीम ने वार्ड परिक्रमा के दौरान कई वार्डों का दौरा किया। इनमें से वार्ड 18 कांट्रेक्टर कॉलोनी में सबसे जयादा अव्यवस्था देखने को मिली। कहीं सार्वजनिक शौचालय में पानी नहीं हो तो किसी शौचालय को ताला लगा दिया गया है। इस वार्ड की लगभग सभी नालियां साफ सफाई के अभाव में बजबजा रहा है। सड़के भी जर्जर स्थिति में है।कांट्रेक्टर कॉलोनी में 90 फीसदी नाली साफ सफाई के अभाव में गंदगी से पटा पड़ा है। डॉ. जोशी लाइन के पीछे, आर्य समाज मंदिर के पास सहित कई इलाकों में लंबे समय से नालियों की सफाई नहीं हुई है। वहीं कई जगहों पर नालियों के गलत निर्मण के कारण पानी आगे नहीं बड़ रहा। झांडा बोरिंग चौक में नाली का गंदा पानी हैंडपंप तक पहुंच जाता है। वार्ड के लोगों ने बताया कि सार्वजनिक शौचालय के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद कार्यालय के पास स्थित शौचालय में पानी तक नहीं है। नलों में पानी नहीं आता। इस शौचालय में विंकलांग व वृद्धजनों के लिए बने कमोड टूटा पड़ा है। वहीं सड़क 26 में करीब 8 महिने पहले निर्मित सार्वजनिक शौचालय पर ताला लटका हुआ है। लोगों का कहना है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधि को कई बार ताला खोलने के लिए बोला गया है लेकिन पार्षद शुभ मुहूर्त के इंतजार में हैं।

## नालियों की नहीं हो रही सफाई, वार्डवासी हैं परेशान







### नालियों की सफाई नहीं, अब बीमारी फैलने का खतरा



डॉ. जोशी गली के पीछे रहने वाले प्रवीण अहिरवार ने बताया कि पूरे वार्ड की नालियां महीनों से साफ नहीं हुईं। स्थिति यह है कि गंदगी इतनी भर चुकी है कि नाली का पानी सीधे सड़क पर बह रहा है। यह कोई एक–दो जगह की बात नहीं है। ज्यादातर नालियां भर चुकी हैं। मिट्टी, रेत और गंदगी से लेकर प्लास्टिक और घरेलू कचरे तक सब कुछ जमा पड़ा है। बरसात तो दूर, सामान्य दिनों में भी रास्ते बदबू से भरे रहते हैं। लोग घरों से निकलते हैं तो सबसे पहले यही गंदगी से उनका सामना होता है। प्रवीण अहिरवार बताते हैं कि सफाई की मांग कई बार उठाई गई। लोग पार्षद से शिकायत करते रहे, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। कई जगह नालियां गलत ढंग से बनी हैं। ढलान ठीक नहीं है। पानी आगे बढ़ ही नहीं पाता। नतीजा यही होता है कि नाली का पानी सड़क पर फैलता है और पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। बीमारी फैलने का डर भी बढ़ रहा है। बच्चे गंदे पानी में कदम रखकर स्कूल जाते हैं। प्रवीण अहिरवार ने नगर निगम आयुक्त से गुहार लगाई है कि वे खुद इस क्षेत्र का निरीक्षण करें और एक बार मौके पर हालात देख लिए जाएं, तो समझ आएगा कि वार्ड के लोग किस मुश्किल में जी रहे हैं।

### आठ महीने से बंद सार्वजनिक शौचालय, लोगों की बढ़ी परेशानी





कांट्रेक्टर कॉलोनी सड़क 26 निवासी राजेश निर्मलकर और विनोद ने बताया कि शौचालय का निर्माण तो काफी समय पहले पूरा हो गया था, लेकिन उसी दिन से ताला लगा है। इलाके के लोग पार्षद से कई बार ताला खुलवाने की गुहार लगा चुके हैं, पर आज तक शौचालय इस्तेमाल लायक नहीं हुआ। यह इलाका स्लम जरूरतों वाला है और सार्वजनिक शौचालय यहां किसी सुविधा से ज्यादा आवश्यकता है। इसके बावजूद महीनों से ताला लटकने की वजह से लोगों को रोज परेशानी झेलनी पड़ रही है। महिलाएं और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। राजेश निर्मलकर और अन्य रहवासियों ने नगर निगम से शौचालय को तुरंत खोलने की मांग की है।

### सड़कों पर गड्ढे पुलिया ऊंची और जनप्रतिनिधि गायब



कांट्रेक्टर कॉलोनी में सिर्फ नालियां और शौचालय ही समस्या नहीं हैं। सड़कें भी इस वार्ड की बड़ी तकलीफ बन चुकी हैं। हरकराम साहू ने बताया कि कई जगह हालात इतने खराब हैं कि कार निकालना भी जोखिम जैसा लगता है। पुलिया की ऊंचाई इतनी ज्यादा कर दी गई है कि चारपहिया नीचे से रगड़ खा जाती है। रोज आने-जाने वाले लोग इसी डर में रहते हैं कि कहीं गाड़ी का नुकसान न हो जाए। साईं नेत्रालय से स्पर्श अस्पताल तक का सड़क सालों से टूटा पड़ा है। सड़क में गड्ढे ही गड्ढे हैं। सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोग बार-बार जनप्रतिनिधि को बता चुके हैं, लेकिन जवाब यही मिलता है कि काम जल्दी होगा। लोगों की सबसे बड़ी शिकायत यह है कि पार्षद फोन तक नहीं उठाते। वार्डवासी कहते हैं कि समस्या बताने के लिए कॉल करो तो घंटी बजती रहती है, लेकिन दूसरी तरफ से कोई सुनने वाला नहीं है। इस वजह से निराशा और नाराजगी दोनों बढ़ रही हैं।

## दुर्ग आयुक्त ने वार्ड सफाई व्यवस्था पर दिए सख्त निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारियों की टीम के साथ वार्ड क्रमांक 26, 27 और 28 का भ्रमण कर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, सड़क की स्थिति और अव्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सबसे पहले वार्डों में सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश देते हुए कहा कि सड़क किनारे फैली झाड़ियां और अनावश्यक हरियाली आवागमन में बाधा उत्पन्न करती है, इसलिए इन्हें तत्काल काटकर हटाया जाए। उन्होंने सड़क क्षेत्र में मौजूद अतिक्रमण को हटवाने के लिए भी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि मुख्य मार्गों पर अवैध कब्जे एवं वस्तुओं की अव्यवस्थित ढेरियों के कारण यातायात प्रभावित होता है, इसलिए इसे तत्काल साफ कर सुव्यवस्थित किया जाए।

साथ ही सड़क और नालियों में जमा वेस्ट मटेरियल को शीघ्र हटाने, तथा नालियों व सड़कों की निरंतर सफाई का पालन सुनिश्चित करने कहा। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई और जल निकासी व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## ग्रामीण विकास योजना के लिए 10.40 लाख रुपए स्वीकृत

दुर्ग। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण कार्य के लिए 10.40 लाख रूपए की अनुशंसा प्राप्त हुई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग दुर्ग द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यो की संपादन कार्यकारी एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीके दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड दुर्ग के ग्राम कातरो में संघेल परिवार के घर से डोमार साहू के घर की ओर 2 तथा नया बाजार चौक में 2 सीसी रोड निर्माण हेतु 10 लाख 40 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## मध्यस्थता से जमीन विवाद का प्री लिटिगेशन प्रकरण निपटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

जिला न्यायालय परिसर दुर्ग स्थित मध्यस्थता केन्द्र में भूमि संबंधी विवाद से जुड़े एक प्री-लिटिगेशन प्रकरण को मात्र 24 घंटे के भीतर सफलतापूर्वक निराकृत किया गया है।

दोनों पक्षकारों के मध्य लंबे समय से चल रहे भूमि विवाद को राजीनामा समझौते के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाया गया। इस सफल मध्यस्थता प्रक्रिया में दोनों




पक्षों ने सहयोग व सहमति व्यक्त करते हुए न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने की आवश्यकता समाप्त कर दी, जिससे न केवल समय और धन की बचत हुई, बल्कि उभय पक्ष के मध्य संबंधों में भी सौहार्द बना रहा। इस उपलब्धि का श्रेय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मध्यस्थ तथा समस्त मध्यस्थता टीम के समन्वित प्रयासों को जाता है, जिनके मार्गदर्शन एवं निरंतर प्रयास से यह प्रकरण शीघ्रता से समाधान तक पहुंच सका। प्राधिकरण द्वारा यह सतत प्रयास किया जा रहा है कि अधिक से अधिक प्रकरण मध्यस्थता के माध्यम से समयबद्ध एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से निराकृत किए जाएँ, ताकि आम नागरिकों को सुलभ एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सके।

## विंध्यवासिनी महिला समिति के सदस्यों ने आचार्य हरीश का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

भारतीय दलित साहित्य अकादमी के तत्वाधान में दो दिवसीय 41वां

- दिल्ली में भी होगा सम्मान

राष्ट्रीय दलित साहित्यकार सम्मेलन पंचशील आश्रम झड़ौदा गांव निरंकारी समागम ग्राउंड के सामने आउटर रिंगरोड झड़ौदा माजरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली में 12 एवं 13 दिसंबर



को आयोजित किया जा रहा है। देश के सभी राज्यों की सभी भाषाओं के दलितोत्थान में जुटे समाजसेवी साहित्यकार, पत्रकार, लेखक, संपादक आदि भाग लेंगे। पाटन उरला से आचार्य हरीश का योग्यता के आधार पर डॉ. अम्बेडकर नेशनल फेलोशिप अवार्ड दिल्ली 2025 के लिए चयनित किया गया है। साथ ही अभिषेक टंडन, भगवती साहू का भी सम्मान होना है। आचार्य हरीश को नगर गनियारी के जय मां विंध्यवासिनी महिला समिति के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष डॉक्टर निर्मला भारती, लता मांडवी, लक्ष्मी ठाकुर, प्रेमलाल साहू, रामकुमार साहू, सोहन लाल साहू, अमर साहू, नर्मदा धीवर, सुमन देसलहरे, अनीस देसलहरे विशेष रूप से मौजूद थे।

## नगपुरा में 17 दिसंबर से पं. प्रदीप मिश्रा की होगी कथा

# विधायक ने लिया शिवमहापुराण कथा तैयारी का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

पं. प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा की तैयारियों को लेकर नगपुरा रेस्ट हाउस में अहम बैठक हुई।

- आयोजन समिति व अधिकारियों के साथ बैठक

बैठक में विधायक ललित चंद्राकर ने आयोजन समिति और अधिकारियों के साथ हर व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की।

विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि भीड़ ज्यादा होगी। इससे जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि कथा स्थल पर कोई कमी



नहीं दिखनी चाहिए। बिजली हो या पानी, स्वास्थ्य हो या ट्रैफिक हर विभाग को अपना काम पहले से तय कर दिया गया है। विधायक ने गांवों से बनाए गए वालिंटियरों को भी अलग अलग जिम्मेदारियां देने को कहा, ताकि भीड़ संभालना आसान रहे। उन्होंने बताया कि ठंड में लोग अक्सर आग तापते हैं, लेकिन कथा स्थल पर यह बड़ा खतरा बन सकता है। इसलिए आग का इस्तेमाल पूरी तरह रोकने और सुरक्षित विकल्प रखने पर भी जोर दिया गया। बैठक में साफसफाई, पार्किंग, लाइटिंग, एम्बुलेंस और डॉक्टरी सुविधा को प्राथमिकता में रखा गया जिससे कथा के दौरान किसी भी व्यक्ति को परेशानी न हो। बैठक में कथा के मुख्य यजमान जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा और जितेंद्र यादव, जिला मंत्री गिरेश साहू, एसडीएम हरवंश मिरी, सीएसपी विंध्यराज, पुलगांव थाना प्रभारी अमित अदानी, एएसआई राजकुमार देशमुख, सरपंच संघ अध्यक्ष राजू यादव, मंडल अध्यक्ष हेमन्त सिन्हा और कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सभी सरपंच भी शामिल हुए।

# गंजपारा कब्रिस्तान के पास मेन पाइप लाइन लीकेज सुधार का महापौर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत गंजपारा कब्रिस्तान के पास स्थित प्रमुख पेयजल आपूर्ति पाइप लाइन में हुए बड़े लिकेज की सूचना पर

- गुरुवार से जल आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद

महापौर अलका बाघमार ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उनके साथ जल विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, एमआईसी सदस्य शिव नायक, पार्षद प्रतिभा सुरेश गुप्ता, पार्षद प्रतिभा पाटिल, कार्यपालन अभियंता गिरीश दीवान, विनोद मांझी, जल निरीक्षक नारायण ठाकुर भी मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों कोनिर्देश दिए कि मुख्य पाइप लाइन से हो रहा लीकेज से फिल्टर प्लांट तक रॉ-वॉटर की आवश्यक मात्रा पहुंचने में बाधा उत्पन्न कर रहा है, जिससे शहर की जलप्रदाय व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने तेजी से सुधार कार्य पूर्ण करने पर जोर देते हुए कहा कि जल आपूर्ति में अनावश्यक विलंब नागरिकों के लिए असुविधाजनक है, इसलिए लीकेज को प्राथमिकता के आधार पर तुरंत दुरुस्त किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि टीम मौके पर लगातार कार्यरत है और देर शाम तक पूरी मरम्मत प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। नगर निगम ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि गुरुवार सुबह से जल प्रदाय व्यवस्था सामान्य होने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप



### भाजपा पदाधिकारी ने निकाली पदयात्रा

**दुर्ग।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में सदर गौरव पथ मंडल द्वारा पदयात्रा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की मुख्य उपस्थिति और मंडल भाजपा अध्यक्ष महेंद्र लोढ़ा की नेतृत्व में पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में जिला उपाध्यक्ष सरिता मिश्रा, राजीव पांडेय, मंत्री गायत्री वर्मा, गिरेश साहू, मंडल भाजपा अध्यक्ष महेंद्र लोढ़ा उपस्थित थे। पदयात्रा जिला भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर जवाहर चौक, गांधी चौक, शनिचरी बाजार में भ्रमण कर समाप्त हुई। इस दौरान आम जनता और दुकानदारों से स्वदेशी वस्तुओं अपनाने और विक्रय करने का आह्वान किया गया। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि किसी भी देश की आत्मनिर्भरता और विकास देश के आम जनमानस मानस की सहभागिता से सुनिश्चित होता है। आम जनमानस के द्वारा स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर वोकल फार लोकल का इस्तेमाल कर देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस मूलमंत्र को अपना कर पार्टी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू किया है। यह अभियान 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से प्रारम्भ हुआ है और 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ निर्माता, भारत रत्न श्रद्धेय अटल की जयंती तक यह चलेगा। कार्यक्रम में कार्यालय मंत्री सैयद आसिफ अली, सह कार्यालय मंत्री राहुल पंडित, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, मंडल भाजपा अध्यक्ष बंटी चौहान आदि उपस्थित थे।

### निषाद समाज चुनाव 28 को, नामांकन आज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ निषाद (केवट) समाज प्रदेश संगठन का केन्द्रीय कार्यालय कोहका भिलाई जिला दुर्ग में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद की अध्यक्षता में प्रदेश संगठन के समस्त प्रदेश पदाधिकारी एवं छत्तीसगढ़ के सभी जिला अध्यक्षगण सम्मिलित हुए। बिरेंद्र कुमार निषाद जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ ने बताया बैठक में प्रदेश संगठन का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष के साथ सभी पदों पर चुनाव कराने पर का निर्णय लिया। बैठक में चुनाव अधिकारी नियुक्ति किया गया। जिसमें महासमुंद के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवि निषाद को मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सह चुनाव अधिकारी पीके निषाद, सोनी राम निषाद, विजय लाल निषाद, भोज प्रसाद निषाद, रामकुमार निषाद, बसन्त लारिया, सोहन लाल निषाद, बंशीलाल निषाद, लखन लाल निषाद, सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। चुनाव में भाग लेने वाले आजीवन सदस्य, तहसील, परिक्षेत्र, के ही पदाधिकारी चुनाव में मतदान देंगे। नामांकन 11 और 12 दिसंबर को होगा। मतदान तिथि 28 दिसंबर है। 4 संभागों में केंद्रीय कार्यालय कोहका भिलाई, रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर कार्यालय में मतदान होगा।

# जेएलएन चिकित्सालय में न्यूनतम इनवेसिव उपचार की उपलब्धि

## विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक किया लेप्रोस्कोपिक आपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के जेएलएनएएच में पेनक्रियासटाइटिस से पीड़ित सीआईएसएफ के एक जवान का प्रोन्नत चिकित्सा तकनीक से उपचार करने में सफलता मिली है। अस्यूचर्ड लेप्रोस्कोपिक सिस्टोगैस्ट्रोस्टॉमी' की यह सफलता विशेषज्ञ चिकित्सकों के टीम वर्क से मिली है। मरीज को सिर्फ पांच दिन में छुट्टी दे दी गई।

इस जटिल ऑपरेशन का नेतृत्व डिप्टी मुख्य चिकित्सा अधिकारी व यूनिट इंचार्ज डॉ. मनीष देवांगन ने किया। 32 वर्षीय ओडिशा के सीआईएसएफ जवान को छह माह से चली आ रही पेनक्रियाटाइटिस की पीड़ा लगातार पेट दर्द, भारीपन और जल्दी पेट भरने की शिकायतों का कारण 'स्यूडोसिस्ट पैनक्रियाज' निकला। यह पेट के पिछले हिस्से में बना द्रव-भरा थैला न केवल असहनीय असुविधा उत्पन्न करता है बल्कि जटिलताओं का भी बड़ा कारण होता है। इसमे ओपन सर्जरी की आवश्यकता पड़ती थी, जिसमें एक बड़ा चीरा लगाने से अत्यधिक दर्द और लंबी रिकवरी शामिल होते हैं। जेएलएन अस्पताल में लेप्रोस्कोपिक मार्ग चुनना प्रोन्नत तकनीक का उदाहरण है।



### सिर्फ पांच दिनों में मिल गई छुट्टी

मरीज का जटिल ऑपरेशन करने वाली टीम में डिप्टी मुख्य चिकित्सा अधिकारी और यूनिट इंचार्ज डॉ. मनीष देवांगन, चीफ कंसल्टेंट, डॉ. धीरज शर्मा, डॉ. सौरभ धिवार, डीएनबी रेजिडेंट डॉ. मशूद बी. तथा नर्सिंग स्टाफ भगवती विश्वकर्मा और एमटीए लोकेंद्र सहित डिप्टी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. तनुजा आनंद, और कंसल्टेंट, डॉ. निलेश चंद्र ने महती भूमिका निभाई। प्री-ऑपरेटिव रेडियोलॉजिकल मूल्यांकन में डिप्टी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. धीरज गुप्ता, तथा कंसल्टेंट, डॉ. त्रिप्ति पारीक, के योगदान ने इस जटिल प्रक्रिया की रीढ़ मजबूत करेगी। रोगी को सिर्फ मात्र पांच दिनों में चिकित्सालय से स्वस्थ होकर छुट्टी पा ली।

## कोर्स अधूरा लेकिन शिक्षकों की शालाओं में अनुपस्थिति लगातार जारी

# गिरहोला स्कूल में लटका मिला ताला सात स्कूलों में अनुपस्थित मिले शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में उच्चतर माध्यमिक शालाओं का कोर्स इतना पिछड़ा हुआ है कि जिला शिक्षा अधिकारी ने एक्स्ट्रा क्लास लेकर पढ़ाई करवाने के आदेश दिए हैं। बोर्ड परीक्षाओं के कोर्स और तैयारी को लेकर इन दिनों जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा स्वयं औचक निरीक्षण कर रहे हैं तो पोल खुल रही है। स्कूलों में कई व्याख्याता ऐसे हैं कि न समय पर स्कूल पहुंच रहे हैं और न ही प्राचार्य स्कूल खुलवा रहे हैं। धमधा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में सुबह 10.10 बजे जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा औचक निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां ताला लटका मिला। सात और स्कूलों का निरीक्षण डीईओ ने किया। यहां आधा दर्जन व्याख्याता और दो लिपिक अनुपस्थिति मिले। संबंधित स्कूलों के प्राचार्य, व्याख्याता सहित गैरहाजिर लिपिकों को नोटिस दिया गया है और एक दिन का वेतन काटने की भी कार्रवाई की जा रही है।

### जिला शिक्षा अधिकारी का औचक निरीक्षण




### गिरहोला में अवकाश के बाद भी लगाते हैं हाजिरी

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरहोला पहुंचे। सुबह 10.10 बजे इस स्कूल में ताला लटका मिला। जानकारी मिलने पर आनन-फानन में आकर स्टॉफ ने ताला खोला। जब यहां उपस्थिति रजिस्टर की जांच की गई तो पदस्थ कर्मचारियों का विभिन्न तिथियों के लिए दिये गये अवकाश आवेदन उपस्थिति पंजी ने दबे पाए गए। उपस्थिति पंजी अवलोकन करने पर उक्त तिथियों में अवकाश प्रविष्टि के बजाय पंजी में हस्ताक्षर पाये गए। इस अनियमितता के लिए संबंधित संस्था प्राचार्य और सभी गैरहाजिर व्याख्याताओं व कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया है।

### सेमरिया स्कूल में भी अनुपस्थित मिला स्टॉफ

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया के निरीक्षण दौरान रमेश कुमार ठाकुर व्याख्याता एल.बी. शालेय कार्य से अनुपस्थित पाए गए। रूपेन्द्र कुमार ठाकुर सहायक ग्रेड -3 शाला समय तक उपस्थित नहीं मिले। इस अनियमितता के लिए संबंधितों को नोटिस जारी किया गया है जवाब प्राप्ति उपरांत एक दिन का वेतन काटने की कार्यवाही की जाएगी।

### सेजस जामुल में चार व्याख्याता अनुपस्थित मिले

जिला शिक्षा अधिकारी मिश्रा स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामुल पहुंचे। निरीक्षण दौरान प्रीतम बन्छोर, कविता पाण्डेय, वंदना शर्मा व्याख्याता और कविता प्राणिग्राही, व्याख्याता (संविदा) अनुपस्थित मिले। शाला समय तक अपने कार्य पर उपस्थित नहीं पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया है।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरूद का निरीक्षण दौरान राजेन्द्र कुमार मरकाम, सहायक ग्रेड-2 बिना पूर्व सूचना एवं आवेदन के कार्य से अनुपस्थित मिले।

### विद्यार्थियों को कक्षा स्तरीय ज्ञान नहीं



शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला गिरहोला के निरीक्षण दौरान विद्यार्थियों का ज्ञान कक्षा स्तरीय नहीं मिला। यहां जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों से कक्षा के अनुरूप सवाल-जवाब किए तो इसका खुलासा हुआ। उपस्थित शिक्षकों को 31 दिसम्बर तक कक्षा स्तरीय ज्ञान कराये जाने, विद्यालय मे स्वच्छता का अभाव पाये जाने पर स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिए।

### नियमित प्रायोगिक कार्य व परीक्षा की ऐसे कराएं प्राचार्य और शिक्षक तैयारी

निरीक्षण के दौरान सभी प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शाला के संस्था प्रमुखों को मध्यान्ह भोजन निर्धारित मीनू अनुसार प्रदाय करने बारह खड़ी पहाड़ा, पुस्तक वाचन के नियमित अभ्यास कराने और विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। शिक्षकों व स्टॉफ को नियत समय पर अनिवार्य उपस्थिति के निर्देश दिये। इसी प्रकार हाई / हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यों को नियमित प्रायोगिक कार्य करने, ब्लू प्रिंट के अनुरूप 6 वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल कराने, तिमाही परीक्षा के आधार पर चिन्हांकित विद्यार्थीयों को सीमित पाठ्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कराने की हिदायत दी। प्रायोगिक परीक्षा के बाद भी बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व तक विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति के निर्देश भी दिये।

### नोटिस भेजा है

"हायर व हाई स्कूल में कोर्स पिछड़ा हुआ है। इसे पूरा करने की कार्ययोजना भी दी गई है। इसलिए औचक निरीक्षण लगातार करेंगे। इस दौरान अनुपस्थित शिक्षकों व स्टॉफ को नोटिस दे रहे हैं। जवाब आने के बाद लापरवाह शिक्षकों का वेतन काटने की कार्रवाई की जाएगी।

अरविंद कुमार मिश्रा
डीईओ



# लीनेस क्लब "प्रेरणा मेन" की बैठक, वर्षा बनी नई अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लीनेस क्लब "प्रेरणा मेन" की दिसंबर माह की बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी वर्ष 2026 के लिए नए पीएसटी के गठन का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

बैठक में कनकलता द्वारा अध्यक्ष पद के लिए वर्षा गौतम के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसे क्लब की बी.डी.ओ. ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ ही वर्षा गौतम को नए सत्र 2026 के लिए क्लब की अध्यक्ष घोषित किया गया। इस तरह नए पदाधिकारियों के चयन में अध्यक्ष वर्षा गौतम,सचिव कनकलता मिश्रा,कोषाध्यक्ष रानी रवानी उपाध्यक्ष आरती साहू,सह सचिव ममता ताम्रकार सह कोषाध्यक्ष पार्वती दुबे, पीआरओ अनु पांडे,टेल ट्विस्टरः डॉ. नेहा वर्मा चयन किया गया। बैठक में बी.ओ.डी. एवं अन्य सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही जिनमें ली. रश्मि ताम्रकार, ललिता साहू,. वीना त्रिपाठी . शशि तिवारी, आरती साहू, वर्षा गौतम, कनकलता, नेहा वर्मा, नीलम साहू, रानी रवानी, मुमताज रवानी, पार्वती दुबे, अनु पांडे, अंकिता तिवारी, ममता ताम्रकार तथा चंद्रप्रभा तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# निर्माण कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता पर ध्यान देने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने बुधवार को निगम क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया। इसमें योजनाओं के क्रियान्वयन और परियोजनाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

नगरोत्थान योजना के तहत चल रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति और लक्ष्य प्राप्ति की समीक्षा की गई। 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत स्वीकृत और प्रगतिरत बुनियादी अधोसंरचना परियोजनाओं का विवरण लिया गया। सांसद निधि से स्वीकृत कार्यों की प्रगति और समयबद्धता पर चर्चा की गई। विधायक निधि से प्रस्तावित एवं चल रहे विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा हुई। पार्षद निधि के तहत स्थानीय स्तर पर हो रहे कार्यों तथा निगम के अन्य स्त्रोतों से वित्तपोषित परियोजनाओं की समीक्षा की गई।

आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए तथा सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने धीमी गति से चल रहे कार्यों में तेजी लाने और किसी भी प्रकार की बाधा को तुरंत दूर करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा, अधीक्षण अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, दीपक कुमार जोशी सर्व जोन आयुक्त, सभी कार्यपालन अभियंता एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# एसएसपी विजय ने पुलिस कर्मियों को किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ ऑनलाइन शिकायतों का निराकरण करने पर दी प्रमाण पत्र

भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित साइबर पुलिस पोर्टल एवं हेल्प नंबर 1930 में मिले ऑनलाइन शिकायतों का निराकरण और सड़क परिवहन, राजमार्ग मंत्रालय द्वारा संचालित पोर्टल में जिले के समस्त थानों में प्रकरणों की एंट्री की जा रही थी। दुर्ग जिले में साइबर पुलिस पोर्टल एवं हेल्प नंबर 1930 में प्राप्त ऑनलाइन शिकायतों का निराकरण कार्य पूर्ण करने किया। इस दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल सीसीटीएनएस, सायबर में कार्यरत 22 ऑपरेटरों को प्रमाण पत्र व नगद राशि से पुरस्कृत किया गया।

# भिलाई बचाओ समिति ने बीएसपी के नए नियमों पर जताया कड़ा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लीज और आवास से जुड़ी बढ़ती परेशानियों के बीच भिलाई बचाओ संयुक्त समिति की प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय से मुलाकात की। इस दौरान टाउनशिप के दुकानदारों की लीज समस्या, बीएसपी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के रिटेंशन केस, तृतीय पक्ष आवास धारकों को भेजे जा रहे किराया नोटिस और बीएसपी से राज्य शासन को सौंपे जाने वाली बिजली व्यवस्था जैसे कई मुद्दों पर चर्चा की गई। सुरेश चंद, सुमन कन्नौजे और ज्ञानचंद जैन ने बताया कि कैसे प्रभावित लोगों को साथ जोड़कर समिति बनाई गई है। प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने मंच के गठन का स्वागत करते हुए कहा कि शहर के आत्मसम्मान और लोगों की सुरक्षा पर किसी तरह की चोट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने देर रात ही वरिष्ठ नेताओं से बात की और सबने मिलकर स्थानीय निवासियों की समस्याओं को गंभीरता से उठाने का भरोसा दिया। बैठक में यह भी तय हुआ कि कोई भी आवास धारक फिलहाल बीएसपी को किराया राशि नहीं देगा। समिति ने बताया कि इस हफ्ते के आखिरी दिनों में बीएसपी प्रबंधन के साथ एक बड़ी बैठक कराने पर भी सहमति बनी है। समिति का कहना है कि जब तक 1 दिसंबर 2025 से लागू होने वाले नियम वापस नहीं लिए जाते और लाइसेंस प्रक्रिया फिर से शुरू नहीं होती, तब तक बीएसपी को किसी भी तरह की कार्रवाई रोकनी होगी।



■ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय से की मुलाकात

## पेज 9 के शेष

### अनुभव क्यूआर कोड ...

था कि मजबूत बीट प्रणाली अपराध नियंत्रण और सूचना तंत्र का महत्वपूर्ण आधार है।एसएसपी ने नियमित रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग, कॉम्बिंग ऑपरेशन और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही 'सशक्त एप', 'त्रिनयन एप' और 'सायबर प्रहरी अभियान' के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। साइबर अपराधों पर रोकथाम के लिए जनता को जागरूक किए जाने पर भी बल दिया।

### जिला स्तरीय महिला ...

को अपने पंजीयन प्रपत्र में संपूर्ण जानकारी भरकर जमा करनी होगी।विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रतिभागी निम्न कार्यालयों से संपर्क कर सकते हैं विकासखंड शिक्षा अधिकारीः बेमेतरा, साजा, बेरला, नवागढ़ जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, बेमेतरा। युवा ऊर्जा और महिला शक्ति को मंच देने की शानदार पहल। यह जिला स्तरीय आयोजन न केवल खेल और संस्कृति को बढ़ावा देगा, बल्कि युवाओं और महिलाओं में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करेगा। 17 दिसंबर को बेमेतरा जिले में प्रतिभाओं का यह महाकुंभ एक यादगार आयोजन बनने जा रहा है।

### सही वातावरण ही ...

सृजन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि संतुलित प्रश्न पत्र निर्माण और विद्यार्थियों के सीखने के वास्तविक स्तर के आकलन में ब्लूप्रिंट अत्यंत महत्वपूर्ण है। **प्रशिक्षण को दिसंबर माह में अनिवार्य रूप से पूर्ण करना:** डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे ने बताया कि विकासखंड स्तर पर शिक्षकों का प्रशिक्षण 15 से 31 दिसंबर के बीच अनिवार्य रूप से आयोजित किया जाना है। वर्तमान प्रशिक्षण बोर्ड परीक्षाओं की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के तृतीय दिवस में 32 विकासखंड स्त्रोत समूह उपस्थित रहे। जबकि 7 जिला स्रोत समूह डीआरजी प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। जिनमें विज्ञान में केजहा राम निषाद, रसायन शास्त्र में रवि चौहान, अंग्रेजी में धर्मेंद्र शर्मा, भौतिक शास्त्र में गीतांजलि निषाद, संस्कृत विषय में डालेश्वरी साहू, भूगोल में लक्ष्मी नारायण गायकवाड, राजनीति विज्ञान में संजय चंतारे जिला स्त्रोत समूह के रूप में सुंदर और गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। जबकि विकासखंड स्रोत समूह में रमेश वर्मा, चंद्रकांत दुबे, मनीषा चौबे, नेहा ठाकुर, डॉ प्रियंका वर्मा, कीर्ति नाथ साहू, मनोज बारले, तेखन सिंह वर्मा, दिनेश कुमार सोनी, संतोष कुमार लहरी, भुवन लाल साहू, पुष्पा वर्मा, राखी थडानी, योगेंद्र कुमार वर्मा, महेश निषाद, सीमा ध्रुव, श्वेता द्विवेदी, सरिता राजपूत शामिल है। समुचे कार्यक्रम का समन्वय डाइट व्याख्याता जी एल खुटियारे ने किया।

## जोन तीन में विकास कार्यों का निरीक्षण

# आयुक्त ने सड़क से ब्रेकर हटाने व अन्य निर्माण की दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने ज़ोन-3 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र में प्रस्तावित और प्रगतिरत विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित नाली निर्माण, नवनिर्मित सड़क, सुलभ शौचालय, पिंक टॉयलेट, वाटर एटीएम और मार्केट क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था का जायज़ा लिया और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**नाली निर्माण के पहले स्थल निरीक्षण :** आयुक्त ने जलेबी चौक लिंक रोड से लगे प्रस्तावित नाली निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होते ही कार्य शुरू कराया जाए, जिससे सड़कों पर अनावश्यक पानी बहने की समस्या से निजात मिल सकेगी।

समीपस्थ सब्जी मंडी जाने वाले नवनिर्मित सड़क पर बने ब्रेकरों के कारण नागरिकों को हो रही आवागमन की परेशानी को देखते हुए, आयुक्त ने तत्काल उन ब्रेकरों को उखड़वाने के निर्देश दिए।

नागरिकों एवं व्यापारियों की सुविधा के लिए प्रस्तावित सार्वजनिक सुलभ शौचालय स्थल का अवलोकन किया और इसके निर्माण को जल्द कराने के निर्देश दिए।



### पिंक टॉयलेट का निरीक्षण

वार्ड क्र. 36 में महिलाओं के लिए निर्मित पिंक टॉयलेट का जायजा लिया और वहाँ पानी एवं साफ़-सफ़ाई की उचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। समीप में स्थापित वाटर एटीएम का भी अवलोकन किया। प्रगतिरत नवीन सुलभ शौचालय निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और संबंधित एजेंसी को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### साफ-सफाई व्यवस्था देखी

आयुक्त ने मार्केट की साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया और व्यापारियों की सुविधा हेतु शेड निर्माण कराने पर चर्चा की।निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने साफ़-सफ़ाई और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, अशोक देवांगन, सहायक राजस्व निरीक्षक बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेंद्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चूड़ामणि यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सांगिनकछार मड़ई 21 को

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम सांगिनकछार में 21 दिसंबर को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। दूसरे दिन 22 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से छन्नू मन्नू नाच पार्टी निपनी का कार्यक्रम रखा गया है। यहां जानकारी जितेन्द्र सिन्हा ने दी।

### शहीद नारायण सिंह को किया याद

**चिचोला।** प्राथमिक शाला बजरंगपुर में शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षक एवं बच्चों ने अपने विचार साझा किए। सोनाखान के जमींदार वीर नारायण सिंह सच्चे प्रजापालक,दयालू तथा न्यायप्रिय थे। वह अंग्रेजों से अंतिम समय तक लड़ते रहे। अंग्रेजों ने 10 दिसम्बर 1857 को रायपुर के जय स्तंभ चौक में फाँसी की सजा दिया था। इस अवसर पर प्रधानपाठक हेमलाल सहारे, हुमनसिंह पिस्दा, गजेंद्र चौधरी उपस्थित थे।

### राजमिस्त्रियों को 30 दिवसीय प्रशिक्षण

**छुरिया।** खोभा में रूरल मेसन प्रशिक्षण का आरंभ किया गया है। मनरेगा श्रमिकों और युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 30 दिवसीय रूरल मेसन प्रशिक्षण का आयोजन आरसेटी राजनांदगांव, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं जनपद पंचायत के सहयोग से किया गया है जिसमें 35 प्रतिभागी शामिल हुए। मास्टर ट्रेनर भुनेश्वर नाग द्वारा प्रतिभागियों को ईंट एवं पत्थर चिनाई, प्लास्टरिंग,टाइल, फर्श बिछाना, छत ढलाई एवं कंक्रीट मिश्रण वॉटर प्रूफिंग आदि की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण अवधि में प्रतिभागियों को निःशुल्क ड्रेस, टूलकिट एवं भोजन की सुविधा प्रदान की जा रही है।

### हक और कर्तव्य के प्रति रहें सजग

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में गत दिनों प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में विश्व मानवाधिकार मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं और स्टाफ को मानव अधिकार की शपथ दिलाई। प्राचार्य ने मानव अधिकार के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और वर्तमान में हो रहे मानवाधिकारों के हनन पर चिंता जाहिर करते हुए प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों के प्रति प्रति सजग रहने प्रेरित किया। कार्यक्रम में देवयानी, पूजा धनकर, रितु ने भाग लेकर अपने विचार रखे। अतिथि व्याख्याता ज्ञानेश्वर देवांगन ने मानव अधिकारों की आवश्यकता पर बल दिया। संचालन शुभि जैन ने किया। इस दौरान अतिथि व्याख्याता डॉ संजू सिंह, डॉ काव्या जैन, डॉ हेमलता, चांदनी पराते,योगिता ठाकुर, कंचन साहू, ओम प्रकाश सहारे, मोनीश खान, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन साहू आदि उपस्थित थे।

### वार्षिकोत्सव के आयोजन पर बैठक में चर्चा

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर की अध्यक्षता में जनभागीदारी समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनभागीदारी अध्यक्ष टामेश्वर साहू, सदस्य ललिता टांडेकर, चंद्रकला सोनकर, प्राचार्य रमेश चौधरी, ओमकार सोनकर आदि शामिल हुए। बैठक में आगामी शिक्षा सत्र में छात्रों के प्रवेश तथा इस माह को होने वाले वार्षिक उत्सव एवं पदक वितरण की व्यवस्था पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन एवं आभार व्यक्त अतिथि व्याख्याता शुभि जैन ने किया। बैठक में डॉ काव्या जैन, डॉ संजू सिंग, ओमप्रकाश सहारे, डॉ हेमलता विरदी, कंचन साहू, हिमानी साहू, मोनिश खान आदि भी शामिल हुए।

### नगर की बेटी बनीं डॉक्टर

**डोंगरगढ़।** डॉ अशोक ताम्रकार की पुत्री डॉ शुभि ताम्रकार एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में दिग्दर्शक टीचर के रूप में सेवाएं दे रही है। वह नेरूल मुंबई में लाईफ स्टाईल मेडीसीन एक्सपर्ट एवं पोषण विशेषज्ञ के रूप में पदस्थ है। नगर में प्रारंभिक शिक्षा हासिल करने के बाद चिकित्सा महाविद्यालय भिलाई से एमबीबीएस किया। डीवाई पाटिल स्कूल ऑफ मेडिसीन एवं विवि से एमडी किया।

---

आयोजन : अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जिलेभर में जागरूकता की गूंज

# मानवाधिकारों की सबसे बड़ी ताकत भेदभाव से संरक्षण और न्यायिक सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा




अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा पूरे जिले में व्यापक विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश सरोज नंद दास तथा सचिव अनिता कोशिमा रावटे के मार्गदर्शन में हुए इन आयोजनों का उद्देश्य आम नागरिकों को मानवाधिकारों की मूल अवधारणा और उनके संरक्षण से अवगत कराना रहा।

जिला जेल बेमेतरा में आयोजित प्रमुख शिविर में सचिव अनिता कोशिमा रावटे ने बंदियों को मानवाधिकारों के स्वरूप, महत्व और उनकी कानूनी सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जीवन, गरिमा, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता और समानता जैसे अधिकार हर व्यक्ति को जन्म से ही प्राप्त होते हैं। उन्होंने बताया कि भेदभाव से संरक्षण तथा न्यायालयों के माध्यम से अपने अधिकारों की रक्षा मानवाधिकारों की सबसे बड़ी ताकत है। मानवाधिकार दिवस 2025 की थीम "ह्यूमन राइट्स – एवरीडे एसेंशियल्स" को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि मानवाधिकार किसी अतिरिक्त सुविधा नहीं, बल्कि रोज़मर्रा के जीवन की बुनियादी ज़रूरतें हैं।

### जिलेभर के संस्थानों, मंडियों और शैक्षणिक परिसरों में जागरूकता अभियान

जिले के अनेक स्थानों जिसमें एसबीआई-आरसेटी प्रशिक्षण संस्थान चोरभट्टी, उचित मूल्य दुकान चोरभट्टी, धान मंडी बसनी, इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय बोलिया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ठेलका (साजा)—में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन शिविरों में अधिकार मित्र पवन कुमार साहू, देवेन्द्र यादव, टूवेन्द्र सिंह वर्मा, पंकज घृतलहरे, धरमू बारले, स्वाति कुंजाम सहित अन्य सदस्यों ने मानवाधिकारों की परिभाषा, उपयोगिता और कानूनी संरक्षण के प्रावधानों पर उपयोगी जानकारी दी।

### महाविद्यालयों और विद्यालयों में युवाओं को मिली जागरूकता

इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय, बोलिया में एलएडीसी काउंसिल के चीफ दिनेश तिवारी ने छात्रों को बताया कि मानवाधिकार सार्वभौमिक और वैश्विक अधिकार हैं, जो सभी पर समान रूप से लागू होते हैं। उन्होंने कहा कि ये अधिकार न्याय, सम्मान, सुरक्षा और स्वतंत्रता के साथ जीने का आधार प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में मोतीलाल वर्मा, देवेन्द्र साहू, आयुष शुक्ला, गीतादास और दुर्गा साहू उपस्थित रहे। वहीं, तालुका विधिक सेवा समिति साजा द्वारा ठेलका स्कूल में आयोजित शिविर में अधिकार मित्र चेतन सिंह व नागेश सिन्हा ने विद्यार्थियों को मानवाधिकारों के महत्व पर मार्गदर्शन दिया।

### समाज में समानता और गरिमा बढ़ाने की दिशा में सार्थक पहल

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर बेमेतरा जिले में आयोजित इन सभी कार्यक्रमों ने आम नागरिकों, युवाओं और बंदियों तक जागरूकता को प्रभावी ढंग से पहुँचाया। इन शिविरों ने यह संदेश मजबूत किया कि समानता, न्याय और मानव गरिमा-एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज की नींव हैं, और इनके संरक्षण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है।

---

# सिकल सेल रोग की रोकथाम के लिए कुंडली मिलान के साथ टेस्टिंग अनिवार्य करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा



कलेक्टर रणवीर शर्मा (भा.प्र.से.) ने जिलेवासियों से सिकल सेल रोग की रोकथाम और समय रहते पहचान सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण अपील जारी की है। कलेक्टर ने बताया कि जिले के अनेक नागरिक सिकल सेल रोग तथा सिकल सेल वाहक पाए गए हैं, जिन्हें सही जानकारी और परीक्षण के माध्यम से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचाया जा सकता है। कलेक्टर ने बताया कि सिकल सेल एक अनुवांशिक रोग है, जो माता-पिता से बच्चों में संचरित होता है। इस बीमारी में लाल रक्त कणिकाएँ सामान्य गोल आकार के बजाय कठोर व वक्र (सिकल) आकार की हो जाती हैं, जिससे रक्त संचार बाधित होता है, ऑक्सीजन का प्रवाह रुक जाता है, तीव्र दर्द, सांस लेने में कठिनाई, पेट/सीने में दर्द, पीलिया व दृष्टि संबंधी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं । बच्चों में यह बीमारी तब होती है जब दोनों माता-पिता में सिकल सेल जीन का एक-एक वाहक (करियर) तत्व मौजूद होता है। यह बीमारी जन्मजात होती है और समय से पहचान बेहद आवश्यक है।

### जिला प्रशासन की गंभीर पहल समय रहते कराएं टेस्टिंग

कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि वर्तमान में विवाह पूर्व सिकल सेल टेस्टिंग की प्रक्रिया अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं, अभिभावकों और समुदाय को जागरूक करते हुए कहा कि विवाह के लिए कुंडली मिलान के साथ सिकल सेल कुंडली मिलाना भी अनिवार्य करें। इससे आने वाली पीढ़ियों को इस बीमारी से सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने अपील की कि सभी लोग अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर ब्लड सैंपल देकर सिकल सेल परीक्षण अवश्य कराएँ, जिससे समय रहते रोग की पहचान संभव हो सके और स्वस्थ पीढ़ी का निर्माण किया जा सके। जिला प्रशासन सिकल सेल रोकथाम, जागरूकता और उपचार के लिए व्यापक अभियान चला रहा है। कलेक्टर ने यह भी बताया कि विवाह योग्य युवाओं का अनिवार्यतः परीक्षण हो। अभिभावक विवाह तय करते समय सिकल सेल रिपोर्ट देखें। जनजागरूकता के माध्यम से समाज को सुरक्षित व स्वस्थ बनाया जाए कलेक्टर रणवीर शर्मा ने जिलेवासियों से एक बार फिर आग्रह किया है कि वे स्वयं, अपने परिवार और समाज को इस गंभीर बीमारी से बचाने हेतु सिकल सेल की जाँच अवश्य कराएँ और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

---

# धान खरीदी टोकन लिमिट बढ़ाने किसान नेता योगेश ने कलेक्टर से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा



जिले में धान खरीदी के दौरान उत्पन्न हो रही समस्याओं को देखते हुए भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने गुरुवार जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों एवं मंडियों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकांश किसानों ने एक ही समस्या प्रमुख रूप से बताई टोकन कट नहीं पा रहा है और टोकन लिमिट अत्यंत कम है, जिसके कारण किसानों को खरीदी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए योगेश तिवारी ने तत्काल कलेक्टर, बेमेतरा से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की और किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रमुख तौर पर माँगें रखते हुए कहा प्रतिदिन धान खरीदी की क्विंटल लिमिट बढ़ाई जाए। जिले के 129 धान उपार्जन केन्द्रों में सॉफ्टवेयर लिमिट कम होने से खरीदी प्रभावित हो रही है, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन टोकन लिमिट बढ़ाई जाए। किसानों का टोकन नहीं कट पा रहा है, जिसके कारण उन्हें लंबी प्रतीक्षा और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है,उपार्जन केन्द्रों की नियमित मॉनिटरिंग हो अधिकारियों को प्रतिदिन निरीक्षण कर किसानों की शिकायतों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए जाएं।

### किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो

योगेश तिवारी ने कहा ने अपने बयान में कहा कि हमारी भाजपा सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। धान खरीदी लिमिट और टोकन की समस्या जल्द ही दूर की जाएगी। किसानों के हित सर्वोपरि हैं यह नरेंद्र मोदी और विष्णुदेव साय की प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा मैंने स्वयं किसानों से मुलाकात की है और उनकी समस्याएं वास्तविक हैं। इसीलिए कलेक्टर से आग्रह किया कि इस समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर हुलास साहू, कमाल साहू, राजू साहू, अजय मिश्रा, चेतन साहू, प्रियांशु सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# चोरभट्टी में स्वास्थ्य विभाग की जागरुकता रैली, स्कूली बच्चों ने दिया सशक्त संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा



- कुष्ठ उन्मूलन की मुहिम तेज

आयुष्मान आरोग्य मंदिर चोरभट्टी में कुष्ठ रोग के उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जनजागरुकता अभियान चलाया। आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने जागरुकता रैली निकालकर पूरे गांव में जिले से कुष्ठ रोग को जड़ से खत्म करने पर जोर दिया। बच्चों ने तख्तियों पर लिखे नारे— "जन-जन की शक्ति से, कुष्ठ रोग मिटेगा बस्ती से," "एमडीटी खाओ–कुष्ठ मिटाओ," "टीबी हारेगा–देश जीतेगा" के साथ गलियों में भ्रमण किया। ग्रामीणों से सघन सर्वे में ईमानदारी से जांच करवाने सहयोग मांगा। स्वास्थ्य टीम ने लोगों को कुष्ठ रोग के शुरुआती लक्षण, संभावित विकृतियों, रोकथाम, एमडीटी दवा के महत्व और समय पर इलाज की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 31 दिसंबर तक सघन कुष्ठ खोज अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत सर्वे दल घर-घर जाकर जांच कर रहा है। **इनकी रही उपस्थितिः** रैली में ग्राम पंचायत की सरपंच रेखा पात्रे, पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम में सेक्टर सुपरवाइजर किरण सोनी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंजू मिरचंडे, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक नीलिमा पांडे, सुनील पात्रे, संध्या साहू, मितानिन प्रशिक्षक पूर्णिमा जायसवाल, तथा मितानिन सरोज और सविता सीता की सक्रिय उपस्थिति रही।

---

# आर्म्स एक्ट मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

- न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

सिटी कोतवाली पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी मुकेशनाथ योगी को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस पिछले कई दिनों से उसकी तलाश में जुटी हुई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में आरोपी की लोकेशन उज्जैन मध्यप्रदेश में चिन्हित की गई। इसके बाद पुलिस टीम ने बड़नगर न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर आरोपी को बेमेतरा लाकर कार्रवाई पूरी की।

**ऐसे खुला था मामलाः** 3 जून 2024 को जिला अस्पताल में गोली लगने से घायल चौधरी तस्लीम के भर्ती होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची। पूछताछ में पता चला कि तीन पेडिया बाईपास में अवैध हथियारों की खरीद–फरोख्त के दौरान पिस्टल टेस्ट करते समय तस्लीम के पैर में गोली लग गई।

### जांच में चार आरोपी

मामले में अजय कुमार कश्यप, दिनेश शर्मा, मो. आरिफ, और चौधरी तस्लीम की संलिप्तता सामने आई थी। सभी को उस समय गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि दो पिस्टल और कारतूस आरोपी मो. आरिफ ने मुकेशनाथ योगी से खरीदे थे। इसी आधार पर योगी को भी प्रकरण में आरोपी बनाया गया था, जो घटना के बाद से फरार था।

**इनका रहा योगदानः** फरार आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, एएसआई कंवल सिंह नेताम, आरक्षक मुकेश सिंह राजपूत, सुशील यादव एवं अन्य स्टाफ की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

---

# प्रधान पाठक प्रहलाद टिकरिहा को सहायक प्राध्यापक बनने पर सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंडरका विकासखंड बेरला में प्रहलाद कुमार टिकरिहा प्रधान पाठक जिनकी पदोन्नत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बेमेतरा में सहायक प्राध्यापक के पद पर हुआ है, के सम्मान में आज विदाई सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डाइट बे बेमेतरा के प्राचार्य जी के दृश्य उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि पदोन्नत प्राचार्य जो कि हमारे डाइट में सहायक प्राध्यापक के रूप में पदस्थ है, उनके 17 वर्षों के कार्य को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। विद्यालय के प्रति समर्पित, निष्ठा, बच्चों के प्रति अटूट स्नेह बहुमुखी प्रतिभा के धनी है। जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने उनके कार्यों अटूट विश्वास, समर्पण, सहयोग एवं तत्परता के लिए भूरी भूरी प्रशंसा की। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंडरका के संकुल प्राचार्य चेतना सिंह ने भी विद्यालय की सुंदरता का बखान करते हुए उनके कार्यो की प्रशंसा की। सरपंच रोहित यदु के द्वारा उनके सरल व्यक्तित्व की सुंदर छवि प्रस्तुत की।

### 400 लोगों ने किया न्योता भोज

प्रभारी प्रधान पाठक व राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित केवरा सेन एवं समस्त स्टाफ के द्वारा प्रहलाद कुमार टिकरिहा का शाल, श्रीफल, घड़ी एवं अभिनंदन पत्र से सम्मान किया गया। तथा साथ साथ आगन्तुक सभी अतिथिगणों का शाल, श्रीफल से स्वागत अभिनंदन किया गया है। तथा सरपंच रोहित यदु के द्वारा पदोन्नत प्राचार्य प्रहलाद कुमार टिकरिहा, प्राचार्य चेतना सिंह, जीएल खुटियारे, चंदेश्वर सर जी एवं मितानीन बहनों वेदी बाई यदु, पार्वती यदु, का सम्मान श्रीफल एवं साल से किया गया। कार्यक्रम का मैनेजमेंट एवं खाना व्यवस्था भुवन सिंह ध्रुव की सक्रियता एवं निपुणता में हुआ। कार्यक्रम में मंच संचालन संजय कश्यप सर के द्वारा किया गया।

नेवता भोज प्रहलाद कुमार टिकरिहा पदोन्नत सहायक प्राध्यापक डाइट बेमेतरा के द्वारा दिया गया। जिसमें करीब विद्यार्थी सहित करीब 400 लोगों ने नेवता भोज ग्रहण किया। जिसमें पंचगण, सरपंच, उप सरपंच, संकुल के शिक्षक, सचिव कमलेश देशलहरे एवं शाला परिवार रागिनी शर्मा, सुरेश वर्मा, अन्नपूर्णा जांगड़े, योगेश्वरी परगनिहा, देवकुमारी गायकवाड़, कांति नागे, राजराजेश्वर राजा , दुर्गेश परगनिहा, चेतन साहू, तुलसी टंडन, मनहरे सर जी, दीपक निषाद, खोमलाल साहू, सिंगारे सर,राजेश चन्द्रवंशी, सरस्वती साहू, तीनों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

---

नपा अध्यक्ष विजय ने स्वयं साफ सफाई की, लोगों को अभियान से जुड़ने किया प्रेरित

# एक कदम स्वच्छता की ओर की पहल बनी प्रेरणा, अभियान का बढ़ा दायरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा



स्वच्छ भारत अभियान को जन–जन तक पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने "एक कदम स्वच्छता की ओर" कार्यक्रम के तहत व्यापक साफ–सफाई अभियान चलाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए इस ऐतिहासिक मिशन को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने न केवल स्वयं सफाई की, बल्कि लोगों को भी इस जनहितकारी अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। सुबह से शुरू हुए इस कार्यक्रम में विजय सिन्हा ने सार्वजनिक व मुख्य मार्ग, बस स्टैंड और बाजार इलाके में सफाई में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने कर्मचारियों और स्वयंसेवकों के साथ मिलकर कचरा हटाया और आसपास के व्यापारियों से अपील की कि वे अपने दुकानों के आसपास साफ–सफाई बनाए रखें। इस दौरान उन्होंने कहा"स्वच्छता सिर्फ व्यवस्था का विषय नहीं, यह जीवनशैली है। जब तक हर व्यक्ति अपने हिस्से की जिम्मेदारी नहीं समझेगा, तब तक शहर स्वच्छ नहीं बन सकता। हम सब मिलकर अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बना सकते हैं।"

### वार्ड-वार्ड में चलाने की योजना

नगर पालिका के अधिकारियों के अनुसार, आने वाले दिनों में इस अभियान को वार्ड–वार्ड चलाने की योजना भी बनाई जा रही है, ताकि हर क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति सजगता बढ़े। विजय सिन्हा की यह सक्रियता न केवल स्वच्छ भारत मिशन को मजबूती देती है। बल्कि यह संदेश भी देती है कि जब जनप्रतिनिधि स्वयं आगे बढ़कर उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, तो समाज स्वतः प्रेरित होकर बदलाव की राह पर चलता है।

